रहेजा क्यूबीई जनरल इंश्योरेंस लेकर आया है कोरोना कवच पॉलिसी

मुंबई : रहेजा क्यूबीई जनरल इंश्योरेंस (आरक्यूबीई) ने हाल ही में 'कोरोना कवच' पॉलिसी लॉन्च किया है। क्षतिपूर्ति करने वाली यह हेल्थ पॉलिसी कोविड-१९ के लिए उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराये जाने के दौरान होनेवाले चिकित्सा खर्चों पर सुरक्षा कवर उपलब्ध कराती है। इसका लाभ स्वयं, पति/पत्नी, माता-पिता, सास-ससुर और आश्रित बच्चों के लिए उठाया जा सकता है।

कोरोना कवच पोलिसी द्वारा कोविड बीमारी से संबंधित अस्पताल में दाखिल किए जाने का खर्च, अस्पताल में दाखिल करने से पहले और बाद का कवरेज, घर में ही इलाज, एंबुलेंस और आयुष उपचार कवर उपलब्ध कराया जाता है। इस पॉलिसी में एक ऐड-ऑन कवर भी है (अतिरिक्त प्रीमियम का भुगतान करने पर उपलब्ध) जहाँ पॉलिसी धारक को पॉलिसी अवधि के दौरान, ज़्यादा से ज़्यादा १५ दिनों तक के लिए एक निश्रि्चत राशि हॉस्पिटल डेली कैश के तौर पर दी जाएगी जो बीमित राशि (सम इंश्योर्ड) का ०.५% होगी। पॉलिसी कवरेज ३ ट माह, ६ ट माह और ९ ट माह की अवधि के लिए उपलब्ध है।

रहेजा क्यूबीई जनरल इंश्योरेंस के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ श्री पंकज अरोड़ा ने कहा, कोविड -१९ सभी वर्गों के लोगों के लिए एक चुनौती रहा है। कोविड-१९ महामारी के साथ वैश्रि्वक जंग ने एक अनिश्रि्चतता का माहौल खड़ा कर दिया है और इस कठिन माहौल में आपकी सेहत को सुरक्षित करना और योग्य सावधानियाँ बरतना पहले से कहीं ज़्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। रहेजा क्यूबीई जनरल इंश्योरेंस में कोरोना कवच पॉलिसी की शुरुआत कर व्यक्तियों के जीवन में मदद करने का अवसर पाकर हमें खुशी हो रही है। महामारी के खिलाफ इस लड़ाई को लेकर हम प्रतिबद्ध हैं और हमें भरोसा है कि ग्राहकों के अनुकूल यह पॉलिसी इस अप्रत्याशित दौर में पॉलिसीधारकों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती देखभाल उपलब्ध कराएगी।

आरक्यूबीई का यह मानना है कि ग्राहक सेवा किसी भी बिज़नेस के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। ग्राहक अनुभव को सबसे आगे रखते हुए, कंपनी ने नई टेक्नोलॉजी को अपनाते और ग्राहकों के लिए प्रक्रियाओं को आसान बनाते हुए लगातार पिछले कई सालों में विकास किया है।